सरयू राय
सभापति
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति
झारखण्ड विधान सभा

आवास :
• एफ. टाईप, आवास सं०-1, PWD (IB), ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची - 834002
• एल 4/1, कदानी रोड, बारीडीह, जमशेदपुर - 831017
दूरभाष : 0651-2480045, 0657-2249255
मोबाईल नं० : 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : आ.का.(अ.प.)/08/128/24 दिनांक : 09-07-24

प्रेषित
श्री नागेश श्रीवास्तव
पु०अ०नि०–सह–अनुसंधानकर्ता
डोरंडा थाना, राँची।

विषय : द०प्र०स० की धारा 91 के अधीन मुझे नोटिस देने के संबंध में।

महाशय,

डोरण्डा थाना कांड संख्या–105/2022, दिनांक 02.05.2022 धारा–409/379/411/120(बी)/420 भा.द.वि. एवं 5(1)(A)/5(2) The official secrets Act 1923 के प्रसंग में मेरा मोबाइल सेट आपको उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 03.07.2024 को मुझे भेजे गए उपर्युक्त विषयक नोटिस का संदर्भ लेंगे। इस संबंध में आपने वरीय पदाधिकारी के पर्यवेक्षण टिप्पणी में विहित निर्देश का उल्लेख किया है। नोटिस द्वारा मार्च/अप्रैल–2022 में मेरे द्वारा उपयोग में लाये गये मोबाईल सेट को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। नोटिस से स्पष्ट नहीं है कि प्रासंगिक अवधि में मेरे द्वारा उपयोग किये गये मोबाईल सेट से आप क्या जानकारी हासिल करना चाहते हैं और मेरे तत्कालीन मोबाईल सेट से इस कांड के अनुसंधान में आपको क्या मदद मिलेगी ?

अनुरोध है कि इस बारे में मुझे भेजे गए नोटिस को स्पष्ट करना चाहेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय
(हस्ताक्षर)
(सरयू राय)

Received on 10/07/24